महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांकः— 4075 / कु0का0 / 2024 दिनांक—02.08.2024

विज्ञप्ति

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ परिसर में शैक्षणिक सत्र 2024—25 में परास्नातक स्तर पर निम्नलिखित 12 विषयों— एम०एस—सी० कम्प्यूटर सांइस, मास्टर इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन, एम०एस—सी0 इन्टीग्रेटिव साइंस, एम०एस—सी० रसायन विज्ञान, एम०एस—सी० खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी, एम०एस—सी० कृषि अर्थशास्त्र, एम०बी०ए0 कृषि व्यवसाय प्रबंधन, मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट इन पेंटिंग, एम०बी०ए0 आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन, एम०एस—सी० भौतिक विज्ञान, एम०एस—सी० वनस्पति विज्ञान और एम०एससी० जन्तु विज्ञान में प्रवेश प्रक्रिया गतिमान हैं जिनमें अध्यापन कार्य प्रारंभ किये जाने हेतु अतिथि प्रवक्ताओं का पैनल तैयार किया जाना है। उक्त विषयों / पाठ्यक्रमों में अतिथि प्रवक्ताओं के चयन हेतु वॉक—इन—इन्टरव्यू दिनांक 21 अगस्त, 2024 से प्रातः 10:00 बजे से विश्वविद्यालय परिसर (आजमगढ़—गाजीपुर राजमार्ग से 2.4 किमी फोरलेन रोड) में अधोलिखित विवरणानुसार आयोजित किया जायेगा—

क्र०सं0	साक्षात्कार की तिथि एवं समय	विषय / पाठ्यक्रम
01	21 / 08 / 2024 प्रातः10:00 बजे से	कम्प्यूटर सांइस, मास्टर इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन, इन्टीग्रेटिव साइंस।
02	22 / 08 / 2024 प्रातः10:00 बजे से	रसायन विज्ञान, खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कृषि अर्थशास्त्र, कृषि व्यवसाय प्रबंधन।
03	23 / 08 / 2024 प्रातः10:00 बजे से	मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट इन पेंटिंग, आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन।
04	24 / 08 / 2024 प्रातः10:00 बजे से	भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान।

उपर्युक्त विषयों में प्रत्येक विषय हेतु आवश्यकतानुसार 02 / 03 अतिथि प्रवक्ताओं का चयन किया जाना है। चयन हेतु इच्छुक अर्हताधारी (यू0जी0सी0 रेग्युलेशन 2018 के अनुसार) अभ्यर्थी उपर्युक्त तिथि एवं समय पर अपने सभी मूल प्रमाण—पत्रों, सभी प्रमाण—पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों का एक सेट एवं दो रंगीन फोटोग्राफ (पासपोर्ट साइज़) सहित उपस्थित होकर वॉक—इन—इन्टरव्यू में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित हैं। अर्हता का निर्धारण एवं मानदेय (प्रति घंटा / प्रति माह) उ0प्र0 शासन / विश्वविद्यालय / यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित दिशा—निर्देशों के अनुसार होगा। उक्त हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किसी प्रकार का मार्ग व्यय / भत्ता देय नहीं होगा।

(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

Vipin 02.08.24

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. निजी सचिव, कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ।
3. उप कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ।
4. प्रभारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र—दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान / अमर उजाला, जनहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।

कुलसचिव